भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3744
दिनांक 11 अगस्त 2026 / 20 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए

जीवंत ग्राम कार्यक्रम

†3744. श्री उम्मेदा राम बेनीवालः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जीवंत ग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्थान के बाड़मेर और जैसलमेर जिलों में कितने गांवों का चयन किया गया है और तत्संबंधी स्वीकृत, जारी की गई और पूरी की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने राजस्थान के चुनिंदा सीमावर्ती गांवों में अवसंरचना, संपर्क, आजीविका के अवसरों और आवश्यक सेवाओं पर इस कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन किया है और तत्संबंधी निष्कर्ष क्या हैं; और

(ग) देश भर में इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल कितने गांवों को शामिल किया गया है, निधियों का राज्य-वार आवंटन कितना है और सीमावर्ती गांवों का समय पर कार्यान्वयन और संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ग): केंद्र सरकार ने, वीवीपी-I के अंतर्गत पहले से कवर की गई उत्तरी सीमा के अतिरिक्त, राजस्थान सहित 15 राज्यों एवं 2 संघ राज्य क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय भू-सीमा से लगे प्रखंडो में स्थित चिन्हित गांवों के व्यापक विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2028-29 तक के लिए ₹6839 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र योजना वाइब्रेंट विलेजेज कार्यक्रम-II (वीवीपी-II) को स्वीकृति दी है।

वी. वी. पी.-II के अन्तर्गत व्यापक विकास हेतु 1954 गाँवों का चयन किया गया है जिसमें राजस्थान के 184 गाँवों सहित बाड़मेर और जैसलमेर जिलों के 66 गाँव भी सम्मिलित हैं।

कार्यक्रम के अन्तर्गत हस्तक्षेप के फोकस क्षेत्रों में (i) आजीविका सृजन, (ii) सड़क संपर्क, (iii) ऊर्जाकरण, (iv) स्वास्थ्य सुविधाओं सहित ग्रामीण अवसंरचना, (v) वित्तीय समावेशन, (vi) युवाओं का सशक्तिकरण और कौशल विकास, (vii) आजीविका के अवसरों के प्रबंधन और कार्यक्रम के तहत बनाई गई परिसंम्पतियों के रखरखाव के लिए सहकारी समितियों, स्वयं सहायता समूहों और फ़ूड प्रोडूसर आर्गेनाईजेशन का विकास, (viii) पर्यटन, संस्कृति एवं आउटरीच कार्यकलाप को बढ़ावा देना, (ix) शिक्षा अवसंरचना एवं (x) टेलीविजन और दूरसंचार संपर्क सम्मिलित हैं।

*****